अति महत्वपूर्ण/विधानसभा मामला
विशेष पत्र वाहक/ई–मेल द्वारा

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार**
**9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली**

**F.No 234/1395/HFW/QC/2025/** 358 दिनांकः– 21/03/2025

सेवा में,

श्रीमान उप–सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली–110054

**विषय :** **आठवीं विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र–2025), माननीय विधायक श्री अनिल झा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 18 दिनांक 24.03.2025 के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

यह पत्र उपरोक्त संदर्भित आपके ई–मेल दिनांकित 15.03.2025 के संदर्भ में प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री अनिल झा द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0 18 का उत्तर निर्धारित प्रारूप में (100 प्रतियां) आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार (100 प्रतियां)

भवदीय

जे.बी.कपिल

उप–सचिव (प्र0शा0)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

| | | |
|---|---|---|
| तारांकित प्रश्न संख्या | : | 18 |
| दिनांक | : | 24.03.2025 |
| प्रश्नकर्ता का नाम | : | मा0 विधायक श्री अनिल झा |

क्या उपमुख्यमंत्री/मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>क</td><td>क्या दिल्ली सरकार की, किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में नया सरकारी अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की कोई योजना है,</td><td>दिल्ली सरकार की किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में नया अस्पताल खोलने की योजना थी, हालांकि अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि अस्पताल वहां बनाया जाए या नहीं।</td></tr>
<tr><td>ख</td><td>सरकारी अस्पतालों और औषधालयों में डाक्टरों, नर्सो व अन्य मेडिकल स्टाफ की संख्या क्या है, अस्पतालवार विवरण दें;</td><td>सरकारी अस्पतालों में :–
<table>
<tr><td>डॉक्टर</td><td>नर्स</td><td>अन्य मेडिकल स्टाफ</td></tr>
<tr><td>1036</td><td>5557</td><td>3353</td></tr>
<tr><td colspan="3">औषधालयों में</td></tr>
<tr><td>डॉक्टर</td><td>नर्स</td><td>अन्य मेडिकल स्टाफ</td></tr>
<tr><td>542</td><td>500</td><td>1085</td></tr>
<tr><td colspan="3">अस्पतालवार सूचना एकत्रित की जा रही है जिसे कुछ समय बाद भेज दी जाएगी।</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>ग</td><td>क्या किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में मोबाईल हेल्थ क्लीनिक अथवा टेलीमेडीसिन जैसी सुविधाएं देने का कोई प्रावधान रखा गया है</td><td>एमएचएस (मोबाइल स्वास्थ्य योजना) को किराडी विधानसभा क्षेत्र में रैनबसेरा या जनता के लिए मोबाइल स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड और किसी अन्य प्राधिकरण से कोई मांग नहीं मिली है। अगर हमें भविष्य में कोई मांग या अनुरोध प्राप्त होता है तो मोबाइल क्लीनिक के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा<br><br>टेलीमेडिसिन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए टेलीमेडिसिन ऐप को मोबाईल पर डाउनलोड करके या कम्प्यूटर पर किसी भी ब्राउजर के माध्यम से उपयोग किया जा सकता है। यह सेवा किराड़ी विधानसभा सहित पूरी दिल्ली में कहीं से भी उपयोग की जा सकती है।</td></tr>
</table>

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| घ | किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए उपलब्ध योजनाओं का विवरण दें तथा सरकारी अस्पतालों में प्रसूति सुविधाओं की स्थिति से अवगत कराएं, | किराडी विधानसभा क्षेत्र के सरकारी औषधालय में गर्भवती महिलाओं के लिए एंटी नेटल चेकअप टीकाकरण व दवाइयों की सुविधा उपलब्ध है। सरकारी अस्पताल संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, मंगोलपुरी में सभी प्रसूति सुविधाएं उपलब्ध हैं। |
| च | किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में शिशुओं व बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रक्र की प्रगति से अवगत कराएं और | किराडी विधान सभा क्षेत्र के सरकारी औषधालय में शिशुओं का टीकाकरण शत प्रतिशत है। |
| छ | किराडी विधानसभा क्षेत्र में सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों के विकास के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है? | विधानसभा क्षेत्रवार बजट के आवंटन से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं है। |

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय (स्वास्थ्य) के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया है।

हस्ताक्षर

जे.बी.कपिल

उप–सचिव (प्र.शा.)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner